PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, New Delhi
Wednesday 7th October 2015, Page: 1
Width: 18.97 cms, Height: 10.42 cms, a4r, Ref: pmin.2015-10-07.30.10

हड़ताल की तैयारी मेडिसिन की ऑनलाइन शॉपिंग को मंजूरी देने की तैयारी में केंद्र, 14 को बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर

दवाओं की ऑनलाइन शॉपिंग का विरोध

भोपाल (ब्यूरो)। केंद्र सरकार ने दवाओं की ऑनलाइन शॉपिंग को मंजूरी देने की तैयारी कर ली है। दवा विक्रेता इसके विरोध में उतर आए हैं। देशभर के दवा विक्रेता 14 अक्टूबर को सभी मेडिकल स्टोर बंद रखकर विरोध जताएंगे। दवा विक्रेताओं का कहना है कि इससे दवाइयों के विक्रय पर किसी का नियंत्रण नहीं रह जाएगा। अगर कोई व्यक्ति अपना प्रिस्कृप्शन का पर्चा ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर भेज देगा तो वह उसे नशीली दवाइयां भी आसानी से उपलब्ध करा देंगे, जिससे नशे की समस्या पैदा होगी।

बंद रहेंगे प्रदेश के 20 हजार मेडिकल स्टोर

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जैन का कहना है कि सरकार को मेडिसिन की ऑनलाइन शॉपिंग को मंजूरी नहीं देना चाहिए। ऐसा होने से दवाइयों की कालाबाजारी बढ़ेगी और उनकी गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में आ जाएगी। जैन ने कहा कि सरकार के इस निर्णय के विरोध में सभी केमिस्ट 14 अक्टूबर को अपनी दुकानें बंद रखेंगे। प्रदेश में 20 हजार व राजधानी में 1250 मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। इससे करीब 50 करोड़ का व्यापार प्रभावित होगा। ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुरेश गुप्ता का कहना है कि अगर सरकार ने दवा विक्रेताओं की मांगें नहीं मानी तो, वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

इसलिए पड़ी जरूरत

केंद्र सरकार मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेडिसिन की ऑनलाइन शापिंग शुरू करना चाहती है। इसका फायदा क्रॉनिक डिसीज़ (लंबी बीमारियों) से पीड़ित मरीजों को मिलेगा।

नवंबर में होगा फैसला

मेडिसिन की ऑनलाइन शापिंग करने वाले स्टेक होल्डर्स की मीटिंग 29 सितंबर को आयोजित हुई थी। अब नवंबर में अगली बैठक होगी। इसके बाद ऑनलाइन शापिंग को अनुमति देने का निर्णय होगा।

पंकज अग्रवाल, कंट्रोलर,
फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन